# प्रेस नोट– जनपद मुजफ्फरनगर
# दिनांक– 22.06.2025

- **थाना मीरापुर पुलिस द्वारा दौराने पुलिस मुठभेड़ डकैती की योजना बना रहे 02 शातिर अभियुक्त घायल सहित कुल 05 अभियुक्तगण गिरफ्तार–**

  दिनांक 21/22.06.2025 की रात्रि को थाना मीरापुर पर नियुक्त उ0नि0 श्री ललित कुमार मय हमराहीगण द्वारा डकैती की योजना बना रहे अभियुक्तगण 1. शादाब पुत्र बाजिद निवासी ग्राम बुन्टा थाना गढ़ी पुख्ता, शामली(घायल), 2. आकिल पुत्र जाबिर निवासी ग्राम बुन्टा थाना गढी पुख्ता, शामली(घायल) व 3. आसिफ पुत्र जान मौ0 निवासी हुसैनाबाद भनवाडा थाना रतनपुरी, मुजफ्फरनगर, 4. हकीकत पुत्र जाहिद निवासी हुसैनाबाद भनवाडा थाना रतनपुरी, मुजफ्फरनगर व 5. सागर पुत्र जयचन्द निवासी नयागांव थाना रामपुर मनिहारन, सहारनपुर को ग्राम वलीपुरा चौराहा के पास बन्द पडे कोल्हू से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से 02 स्पलैण्डर मोटर साईकिल, 02 तमंचे मय 02 खोखा व 03 जिन्दा कारतूस 315 बोर व 01 चाकू नाजायज बरामद किया गया। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना मीरापुर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 127/2025 धारा 109(1),310(4),310(5),317(5) बीएनएस व 3/25/27 आयुध अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **थाना भोपा पुलिस द्वारा गैंगस्टर एक्ट में वांछित 02 अभियुक्तगण गिरफ्तार–**

  दिनांक 22.06.2025 को थाना भोपा पर नियुक्त उ0नि0 श्री राजदीप सिंह मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 198/25 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्तगण 1. अकरम उर्फ कागा पुत्र हनीफ व 2. इसरार पुत्र सुलेमान निवासीगण ग्राम नगला बुजुर्ग थाना भोपा, मुजफ्फरनगर को नगला बुजुर्ग से गिरफ्तार किया गया है।

- **थाना भोपा पुलिस द्वारा 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार–**

  दिनांक 22.06.2025 को थाना भोपा पर नियुक्त उ0नि0 श्री ललित राजपूत मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 128/25 धारा 87,142 बीएनएस में वांछित अभियुक्त हेमन्त महेश्वरी पुत्र कृष्ण कुमार निवासी आवास विकास कालोनी थाना सदर बाजार जनपद सहारनपुर को मसकन से गिरफ्तार किया गया है।

- **थाना भोपा पुलिस द्वारा 02 वांछित अभियुक्तगण गिरफ्तार–**

  दिनांक 22.06.2025 को थाना भोपा पर नियुक्त उ0नि0 श्री आदित्य भाटी मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 199/25 धारा 352,115(2),118(2) बीएनएस में वांछित अभियुक्तगण 1. धीरज पुत्र रोशन व 2. अनुज पुत्र रोशन निवासीगण ग्राम व थाना भोपा, मुजफ्फरनगर को भोपा नहर पुल के पास से गिरफ्तार किया गया है।